आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :414 पृष्ठ -4 दिनांक 28 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार

# महाकुंभ खत्म होने के बाद पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया दी

## सीएम योगी ने कहा कि विगत पूज्य साधु-संतों समेत 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर कृतार्थ हुए

उत्तरप्रदेश महाकुंभ का औपचारिक समापन होने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ की पहली प्रतिक्रिया आई है. इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के जरिए एक पोस्ट किया. इसपर सीएम योगी ने लिखा, श्आदरणीय प्रधानमंत्री जी, यह आपके यशस्वी मार्गदर्शन का ही सुफल है कि श्एकता, समता, समरसता का महायज्ञश महाकुम्भ-2025, प्रयागराज भव्यता-दिव्यता के साथ सुरक्षा-स्वच्छता-सुव्यवस्था के नवीन मानक गढ़कर आज संपन्न हो गया है.सीएम योगी ने आगे लिखा, श्विगत 45 पुण्य दिवसों में पूज्य साधु-संतों समेत 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर कृतार्थ हुए हैं. सकल विश्व को श्सभी जन एक हैंश का अमृत संदेश देने वाला यह मानवता का महोत्सव श्वसुधैव कुटुंबकम्श के पुण्य भाव के साथ संपूर्ण विश्व को एकता के सूत्र में पिरो रहा है. आपका मार्गदर्शन एवं शुभेच्छाएं हम सभी को सदैव नई ऊर्जा



प्रदान करती हैं, हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी!श्इससे पहले उन्होंने कहा था, श्आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित मानवता का श्महायज्ञश, आस्था, एकता और समता का महापर्व महाकुम्भ-2025, प्रयागराज आज महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान के साथ ही अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर है. 13 जनवरी, पौष पूर्णिमा से प्रारंभ महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में आज 26 फरवरी, महाशिवरात्रि की तिथि तक कुल 45 दिवसों में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व है-अविस्मरणीय है. मुख्यमंत्री ने कहा, पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धर्माचार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का यह महासमागम दिव्य और भव्य बनकर सकल विश्व को एकता का संदेश दे रहा है. इस सिद्धि के सूत्रधार सभी गणमान्य जनों, देश-विदेश से पधारे सभी श्रद्धालुओं तथा कल्पवासियों का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार.श्सीएम योगी ने कहा, श्महाकुम्भ के सुव्यवस्थित आयोजन के कर्णधार रहे महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, गंगा दूतों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी महानुभावों व संस्थाओं को साधुवाद. विशेष रूप से प्रयागराज वासियों का धन्यवाद, जिनके धैर्य एवं आतिथ्य सत्कार ने सबको सम्मो. हित किया.।

# यूपी के बस्ती जिले का बदलेगा नाम? ठश्रच विधायक ने विधानसभा में रखी ये मांग

बस्ती जनपद के हरैया विधायक अजय सिंह ने सदन में बस्ती का नाम वशिष्ठ नगर करने, बस्ती में हिंदी विश्वविद्यालय खोलने, संस्कृत विश्वविद्यालय खोलने और हरैया में दो तहसील करने की मांग मंगलवार को सदन में उठाई. राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए विधायक ने सदन में कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला है. कहा कि बजट में सभी विभागों शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, लोक निर्माण आदि का ख्याल रखा गया है. बस्ती जनपद का नाम वशिष्ठ नगर रखने की मांग करते हुए कहा कि भगवान राम से लेकर विभिन्न महापुरुषों की पहचान जिस बस्ती से है. वह बस्ती स्वयं पहचान को मोहताज है, इसलिए बस्ती जिले का नाम वशिष्ठ नगर रखा जाए. महापुरुषों के नाम पर विभिन्न जनपदों का नाम बदला गया है. इसी तर्ज पर बस्ती का नाम भी वशिष्ठ नगर रखा जाए. जिससे 155 साल पुराने जिले को पहचान मिल सके. विधायक ने सरकार से विश्वविद्यालय खोलने की मांग कीविधायक ने राज्य सरकार से मांग किया कि पूरी दुनिया में प्रसिद्ध आचार्य रामचंद्र शुक्ल के नाम पर बस्ती में हिंदी विश्वविद्यालय खोला जाए. भगवान राम के जन्म के लिए यज्ञ कराने वाले श्रृंगीऋषि के नाम पर संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग किया. विधायक ने सदन में कहा कि हरैया हिंदुस्तान ही नहीं एशिया की सबसे बड़ी तहसील है, जिसमें 1529 राजस्व गांव जिसकी व्यवस्था चलाना बड़ा जटिल है. इसलिए सरकार से मांग किया कि हरैया में दो तहसील बना दी जाए, जिससे व्यवस्था सकुशल चल सके. महाकुंभ के बारे में बोलते हुए कहा कि 144 साल बाद बने इस महायोग में पूरा देश त्रिवेणी में स्नान के लिए उमड़ पड़ा है. यह देशवासियों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अटूट विश्वास है. जहां हर वर्ग के लोग बड़ी संख्या में एक साथ महाकुंभ में स्नान कर रहे हैं वहीं विपक्ष अनर्गल प्रलाप कर रहा है.

# होली पर पूर्वांचल की ट्रेनों में नहीं मिल रहा कंफर्म टिकट, 80 से ज्यादा वेटिंग, लोग मायूस

होली के मौके पर पूर्वांचल जाने वाली ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है. दून रेलवे स्टेशन के आरक्षण केंद्र में सुबह से ही लंबी कतारें लगी हैं. कई यात्री कंफर्म टिकट न मिलने से मायूस होकर लौट रहे हैं. अधिकांश ट्रेनों में 80 से ज्यादा वेटिंग चल रही है, जिससे यात्रियों को सीट नहीं मिल रही. हालांकि, दिल्ली रूट पर अभी कुछ ट्रेनों में सीटें उपलब्ध हैं, लेकिन जल्द ही ये ट्रेनें भी फुल हो सकती है.होली का त्योहार 13 और 14 मार्च को मनाया जाएगा, ऐसे में बड़ी संख्या में लोग अपने घरों को जाने की योजना बना रहे हैं. देहरादून के सेलाकुई और आसपास के औद्योगिक इलाकों में बड़ी संख्या में पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल के लोग काम करते हैं. ये लोग पर्व और त्योहारों पर अपने गांव-घर लौटते हैं. जो लोग पहले से टिकट बुक करा चुके हैं, उन्हें तो राहत है, लेकिन जिन्होंने अभी यात्रा का प्लान बनाया, वे टिकट न मिलने से परेशान हैं.प्रयागराज जाने वाली लिंक एक्सप्रेस (14114)12 माचर्रू शयनयान दृ 111 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 51 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 28 वेटिंग13 माचर्रू शयनयान दृ 61 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 34 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 13 वेटिंग14 माचर्रू सीट मिलने की संभावनादून-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस (15002) दृ शनिवार को संचा. लित8 माचर्रू शयनयान दृ 106 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 86 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 31 वेटिंग15 माचर्रू शयनयान दृ 56 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 33 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 12 वेटिंगदून-गोरखपुर एक्सप्रेस (15006) दृ मंगलवार व गुरुवार को संचालित11 माचर्रू शयनयान दृ 96 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 59 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 29 वेटिंग13 माचर्रू शयनयान दृ 59 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 23 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 12 वेटिंग. बनारस एक्सप्रेस (15120) दृ रोजाना संच. ालित12 माचर्रू शयनयान दृ 94 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 45 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 44 वेटिंग13 माचर्रू शयनयान दृ 50 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 07 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 03 वेटिंग14 माचर्रू सीट मिलने की संभावनाहावड़ा जाने वाली कुंभ एक्सप्रेस (12370) और उपासना एक्सप्रेस (12328) होली के बाद भी पूरी तरह फुल हैं 12 माचर्रू उपासना एक्सप्रेस में शयनयान दृ 126 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 73 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 35 वेटिंग 13 मार्च ायनयान दृ 48 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 25 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 14 वेटिंग14 माचर्रू शयनयान दृ 41 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 22 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 12 वेटिंगउत्तरांचल एक्सप्रेस (सप्ताह में रविवार को संचालित)9 मार्च को शयनयान दृ 37 वेटिंग, एसी तृतीय दृ 38 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 18 वे. टिंगदून-कोटा एक्सप्रेस (12402) 12 मार्च को एसी तृतीय दृ 23 वेटिंग, एसी द्वितीय दृ 13 वेटिंग13 और 14 मार्च को सीट मिलने की संभावनादिल्ली जाने वाली ट्रेनों में अब भी सीट मिलने की संभावना है, लेकिन जल्द ही ये भी फुल हो सकती हैं. 12 मार्च को दिल्ली रूट की सीटेंज. नशताब्दी (सेकेंड सीटिंग) दृ 165 सीट जनशताब्दी (चेयर कार) दृ 154 सीटवंदे भारत (चेयर कार) दृ 244 सीट वंदे भारत (ई-चेयर) दृ 04 सीटदून-शताब्दी (चेयर कार) दृ 639 सीट दून-शताब्दी (ई-चेयर) दृ 64 सीट13 मार्च को दिल्ली रूट की सीटेंरूजनशताब्दी (सेकेंड सीटिंग) दृ 440 सीट दून-शताब्दी (चेयर कार) दृ 671 सीट दून-शताब्दी (ई-चेयर) दृ 64 सीट मसूरी एक्सप्रेस (शयनयान) दृ 83 सीटमस. ूरी एक्सप्रेस (एसी तृतीय) दृ 07 सीट मसूरी एक्सप्रेस (एसी द्वितीय) दृ 02 सीटहोली के त्योहार पर पूर्वांचल और हावड़ा जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ है. अधिकांश ट्रेनों में टिकट वेटिंग लिस्ट में जा चुकी है और यात्रियों को कंफर्म सीट नहीं मिल रही. हालांकि, दिल्ली रूट की कुछ ट्रेनों में अभी सीट उपलब्ध है, लेकिन जल्द ही ये भी भर जाएंगी. जिन यात्रियों ने अभी तक टिकट नहीं लिया है, उन्हें तत्काल टिकट या वैकल्पिक यात्रा साधनों पर विचार करना चाहिए. रेलवे स्टेशन पर भीड़ को देखते हुए यात्रियों को जल्द ही टिकट बुक करने की सलाह दी जा रही है.

# महिला जज को अश्लील मैसेज भेजने वाले वकील को 3 साल की सजा, 61 हजार रुपये का जुर्माना

लखनऊ : महिला सिविल जज को फेसबुक और मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने के आरोपी वकील अभय प्रताप को साक्ष्यों के आधार पर विशेष सीजेएम कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने दोषी करार दिया। दोषी को अदालत ने 3 वर्ष कैद की सजा और 61 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।कोर्ट में अभियोजन अधिकारी मशींदर प्रसाद चौहान और अजय कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता 2019 से 2023 तक महाराजगंज जिले में अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर तैनात थी। इस दौरान महाराजगंज में वकालत करने वाले वकील अभय प्रताप ने उनके फेसबुक और सीयूजी मोबाइल पर आपत्तिजनक और गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले मैसेज भेजे। आरोप है कि उसने सबसे पहले 29 सितम्बर 2021 की रात अपने फेसबुक अक. ाउंट से पीड़िता के अकाउंट पर मैसेज भेजा था।वहीं आरोपी पीड़िता के कोर्ट के विश्राम कक्ष के आसपास आता था और अशोभनीय भाव भंगिमा के साथ कोर्ट के काम में व्यवधान उत्पन्न करता था, पीड़िता महिला जज ने कभी भी आरा. ेपी को फ्रेंड रिक्वेस्ट आदि नहीं भेजा और न ही उसके रिक्वेस्ट को स्वीकार किया, इसके बावजूद आरोपी लगातार पीड़िता को



मैसेज भेजता रहा। बताया गया कि आरोपी की हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने आरा. ेपी के फेसबुक अकाउंट को ब्लॉक कर दिया लेकिन आरोपी अपनी हकतो से बाज नहीं आया और उसने पीड़िता के सीयूजी मोबाइल पर आपत्तिजनक मैसेज भेजकर प्रेम का इजहार करना शुरू कर दिया।

# उत्तराखंड में फिर बदला मौसम, बदरीनाथ-हेमकुंड समेत ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी, ठंड बढ़ी

उत्तराखंड में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है. बुधवार को प्रदेश के ऊंच. ाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश होने से ठंड बढ़ गई. चमोली जिले में बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब समेत कई स्थानों पर ताजा बर्फबारी हुई. यमुना घाटी में भी बर्फ गिरी, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले चार दिनों तक मौसम इसी तरह बदलता रहेगा. राज्य के कई जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है. विशेष रूप से 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फ गिरने का अनुमान है. वहीं, मैदानों में बारिश के कारण ठंड और बढ़ सकती है.बुधवार सुबह से ही बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, औली, रुद्रनाथ, गोरसों और नंदा घुंघटी में बर्फबारी शुरू हो गई थी. नीती और माणा घाटी में भी भारी बर्फबारी हुई. बर्फ के कारण औली मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई. बदरीनाथ हाईवे पर हनुमानचट्टी के आगे बर्फ जमा होने लगी, जिसे हटाने के लिए बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) की मशीनें लगाई गई हैं.मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि ऊंचाई वाले इलाकों में अगले कुछ दिनों तक बर्फबारी जारी रह सकती है. यात्रियों और स्थानीय लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है. निचले इलाकों में बादल छाए रहने के कारण हल्की बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई. देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, पौड़ी, अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ समेत कई जगहों पर मौसम ठंडा हो गया है. हल्की बारिश के कारण हवा में नमी बढ़ गई, जिससे ठंड का असर और तेज हो गयामौसम विभाग के अनुसार, 26 फरवरी से 1 मार्च तक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) सक्रिय रहेगा, जिससे प्रदेशभर में मौसम प्रभावित होगा. उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है. 28 फरवरी को मौसम अधिक खराब हो सकता है, जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इस दिन भारी बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है, जिससे पहाड़ी और मैदानी इलाकों में जनजीवन प्रभावित हो सकता है. 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी हो सकती है. मैदानों और पहाड़ी जिलों में ठंडी हवाएं चल सकती हैं, जिससे ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा. 28 फरवरी को भारी बारिश और बर्फबारी के कारण कुछ इलाकों में सड़कें बंद हो सकती हैं. यात्रा करने वालों को सतर्क रहने और मौसम की स्थिति को देखते हुए ही सफर करने की सलाह दी गई है. प्रदेश प्रशासन ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं. बीआरओ और लोक निर्माण विभाग को सड़कों पर जमी बर्फ हटाने के निर्देश दिए गए हैं. ऊंचाई वाले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है. स्थानीय प्रशासन ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर राहत और बचाव कार्य शुरू किए जाएंगे. पर्यटकों और श्रद्धालुओं को भी खराब मौसम के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है. उत्तराखंड में मौसम का बदला मिजाज लोगों के लिए परेशानी बढ़ा सकता है. पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश से ठंड का असर तेज हो गया है. मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक सतर्क रहने की सलाह दी है. प्रशासन ने भी जरूरी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं. अगर मौसम बिगड़ता है, तो यात्रियों को सतर्कता बरतनी होगी.

# उत्तराखंडः लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए 500 वन पंचायतों में लागू होगी ये योजना

उत्तराखंड में वन पंचायतों को सशक्त बनाने और स्थानीय लोगों को आजीविका से जोड़ने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर ली है. राज्य की 500 वन पंचायतों में श्हर्बल मिशनश को धरातल पर उतारने की योजना बनाई गई है. इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 628 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. मिशन के तहत वन पंचायतों की भूमि पर जड़ी-बूटी और सगंध पादपों की खेती होगी, जिससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और वनों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा सकेगा.प्रदेश में वन पंचायतों की कुल संख्या 11,267 है. पहले चरण में 500 वन पंचायतों को इस योजना में शामिल किया जाएगा. इसके लिए वन पंचायत अधिनियम और नियमावली में संशोधन किया जाएगा. सरकार की ओर से गठित तीन सदस्यीय समिति अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप चुकी है. अब इस प्रस्ताव को आगामी कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा. कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अगले वित्तीय वर्ष में इस योजना को लागू किया जाएगा1980 वन अधिनियम लागू होने से संबंधों में आई दरारउत्तराखंड में एक समय था जब वन और जन के बीच गहरा रिश्ता था. ग्रामीण समुदाय वनों का संरक्षण करते थे और अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति भी इन्हीं वनों से करते थे. लेकिन 1980 में वन अधिनियम लागू होने के बाद इन संबंधों में दरार आ गई. वनों के सरकारी नियंत्रण में आने से स्थानीय लोगों के परंपरागत हक-हकूक सीमित हो गए, जिससे वन पंचायतों और ग्रामीणों के बीच दूरी बढ़ती चली गई.अब सरकार ने इस स्थिति को बदलने की पहल की है. हर्बल मिशन के माध्यम से स्थानीय लोगों को फिर से वनों से जोड़ा जाएगा. इसके तहत जड़ी-बूटी और सगंध पौधों की खेती की अनुमति दी जाएगी, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक लाभ मिलेगा. साथ ही, वन पंचायतों को यह अधिकार दिया जाएगा कि वे इन उत्पादों की निकासी और प्रसंस्करण के लिए भी आवश्यक कदम उठा सकें.वन पंचायतों को मिलेंगे अधिकारहर्बल मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए वन पंचायत अधिनियम और नियमावली में संशोधन किया जाएगा. इसमें वन पंचायतों को जड़ी-बूटी व सगंध पादपों की खेती, उनके प्रसंस्करण और बाजार तक पहुंच के अधिकार दिए जाएंगे. पहले भी इस योजना को कैबिनेट में रखा गया था, लेकिन उसमें कुछ विसंगतियां थीं. इन्हें दूर करने के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई गई, जिसने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है. अब इसे अंतिम रूप देकर कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा.

# व्यापारी बन्धु शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने में पुलिस एवं प्रशासन का करें सहयोग

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु बैठक संपन्न

अलीगढ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय व्यापार बन्धु बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि शहर में व्यावसायिक उपक्रमों के सुगम संचालन एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वारित निस्तारण के लिए धरातल पर कार्य किए जाएं। उन्होंने व्यापारिक बन्धुओं से भी आव्हान किया कि वह शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने में पुलिस एवं प्रशासन का पूरा सहयोग करें ताकि आमजन को सुगम आवागमन उपलब्ध हो सके। बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के कोषाध्यक्ष किशन गुप्ता की जिज्ञासू मार्केट गॉधी पार्क पर शौचालल निर्माण एवं नाले ढ़के जाने के संबंध में नगर निगम द्वारा बताया गया कि शौचालन निर्माण के लिए चिन्हत स्थान पर दो निस्प्रयोज्य विद्युत पोल हटाए जाने हैं जिसके लिए विद्युत विभाग द्वारा दिए गए प्राकलन पर भुगतान की कार्यवाही प्रक्रिया में है, विद्युत पोल हटते ही शौचालय निर्माण कराया जाएगा। इसी प्रकार खुले नाले को ढ़कने के लिए आरसीसी स्लैब के निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की गई हैं, जिसके पूर्ण होते ही नाला ढ़कने की कार्यवाही आरम्भ की जाएगी।अध्यक्ष तालानगरी व्यापार मण्डल धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिस पर डीएम ने शहर के प्रमुख मार्गो रेलवे रोड, शाहजमाल, रामघाट रोड, आगरा रोड को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए सुगम यातायात के लिए नियमों और प्रतिबंधों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में इसके साथ ही व्यापारियों द्वारा विभिन्न समस्याओं व शिकायतों के संबंध में अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को अपनी शिकायतें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि उनकी समस्याओं को अगली बैठक में शामिल किया जा सके। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी व व्यापारी बन्धु उपस्थित रहे।

## होली से पहले शुरू होगा अलीगढ़ में, 1.85 करोड़ से हुआ है तैयार

कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए इनकी नसबंदी व टीकाकरण करने के लिए एबीसी सेंटर 1.85 करोड़ रुपये से कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस ने धौर्रामाफी में बनाकर तैयार कर दिया है।अलीगढ़ शहर की जनता को कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का निर्माण पूरा हो चुका है। होली से पहले इसका संचालन शुरू हो जाएगा। 27 फरवरी को नगर निगम के अधिकारी इसको फाइनल टच देंगे। इसके बाद से हैंडओवर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।शहर में कुत्तों का आतंक हर इलाके में है। कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए इनकी नसबंदी व टीकाकरण करने के लिए एबीसी सेंटर 1.85 करोड़ रुपये से कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस ने धौर्रामाफी में बनाकर तैयार कर दिया है। इसके निर्माण का समय नवंबर 2024 था। मगर कार्यदायी संस्था की कमी के चलते निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। ऐसे में इसे तीन माह का और समय दिया गया था। फरवरी में इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस ने हैंडओवर के लिए 15 दिन पहले ही लखनऊ स्थित कार्यालय को पत्र भेज दिया है। मार्च के पहले सप्ताह में इस भवन के हैंडओवर होने की संभावना है।सेंटर निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। मार्च के पहले सप्ताह में हैंडओवर हो जाएगा। इसके बाद से इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा।–डॉ. राजेश वर्मा, पशु कल्याण अधिकारी, नगर निगमअलीगढ़ में श्वान से जुड़ी जानकारी एक अप्रैल से 31 अक्टूबर 2024 तक 6354 कुत्तों की हो चकी है नसबंदी।शहर के लगभग 4500 पालतू कुत्ते। नगर निगम में पंजीकरण।21 नस्ल के पालतू कुत्तों का नहीं होगा पंजीयन।21 नस्ल के कुत्ते पालने वाले नसबंदी का देंगे शपथ पत्र।अप्रैल में फिर से कराना होगा पालतू कुत्ते–बिल्ली का पंजीकरण।चोट खाये, रैबीज और घायल कुत्तों के लिए बना 20 लाख से शेल्टर होम। पिटबुल टेरियर्स, टोसा इनु, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रासीलेरियो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोअरबोएल, कांगल, टार्नजैक, बैंडोग, सरप्लानिनैक, जापानी टोसा, अकिता, मॉस्टिफ्स, राटविलर, रोडेशियन रिजबैक, कैनारियो, अकबाश और मास्को गार्डडॉग, वोल्फ डॉग, जर्मन शेफर्ड का रजिस्ट्रेशन नहीं होगा।

## खेरेश्वर चौराहे पर स्कूल के पास मिली महिला की लाश, नहीं हुई शिनाख्त, शव पोस्टमार्टम को भेजा

अलीगढ़ के थाना रोरावर अंतर्गत खेरेश्वर चौराहे के पास 27 फरवरी को दोपहर एक बजे के करीब न्यू सन साईन पब्लिक स्कूल के गेट पर लगी फुलवारियों में एक 35 से 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने सनसनी फैल गई। शव मिलने पर वहां भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शिवशकंर गुप्ता मय पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कोई पहचान न हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोरावर थाना क्षेत्र के खेरेश्वर चौराहे स्थित न्यू सन साईन पब्लिक स्कूल नादा वाजिदपुर के गेट पर लगी फुलवारियों में राहगीरों को 35 से 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव पड़ा दिखाई दिया। राहगीरों ने शोर मचाया। शोर सुनकर आस–पास क्षेत्र से ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर रोरावर थाना और पीआरबी 743 के पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। महिला ने काली रंग की पजामी ,मटमैली रंग की कुर्ती और जर्सी ,एक पीले रंग का दुपट्टा, हाथ में कड़ा व कमर में काला धागा पहने हुए है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## हाथरस के मोहल्ला कछपुरा में एक युवक ने शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया

हाथरस के मोहल्ला कछपुरा में एक युवक ने शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में लेकर आए। हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कछपुरा के 19 वर्षीय ललित पुत्र पप्पू एसी मैके. निक का काम करता है।ह पिछले कुछ समय से शराब का आदी हो गया था। शराब पीकर वह अक्सर परिवार से झगड़ा करता था। घटना आज शाम की है। ललित ने नशे की हालत में अपने घर के एक कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी के धंधे पर लटक गया।दरवाजा तोड़कर उताारइसी दौरान परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो तुरंत दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा। वहां पर मोहल्ले के लोग भी एकत्रित हो गए। फिलहाल ललित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है।

## हाथरस में एक नाबालिग लड़की से छेड़खानी के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया

हाथरस में एक नाबालिग लड़की से छेड़खानी के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) चित्रा शर्मा ने आरोपी को 3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न चुकाने पर अतिरिक्त जेल की सजा भी भुगतनी होगी।घटना 19 मार्च 2019 की रात करीब 1रू30 बजे की है। आरोपी दीपक छत के रास्ते पीड़िता के घर में घुस गया। उस वक्त 16 साल की पीड़िता अपने कमरे में सो रही थी। पीड़िता के माता–पिता दूसरे कमरे में सो रहे थे। आरोपी ने लड़की से छेड़खानी शुरू कर दी।शोर सुनकर पीड़िता के माता–पिता जाग गए। उन्होंने आरोपी को घर में ही बंद कर दिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस कंट्रोल रूम की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।एडीजीसी मुकेश कुमार ने की पैरवीथाना चंदपा में मामला दर्ज किया गया। जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी मुकेश कुमार ने पैरवी की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।

## अलीगढ़ : 8 दिन से पुलिसकर्मी का लापता शव नाले के पास से हुआ बरामद, मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

अलीगढ़ में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां 8 दिन से गायब एक पुलिसकर्मी का शव नाले में पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया. इसकी सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई. जिसके बाद पुलिस के द्वारा शव की शिनाख्त पुलिसकर्मी के रूप में की गई. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा. पुलिस ने इसके बाद घटना को बारीकी से लेते हुए पूरे मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी. घटना के दौरान कई सीसीटीवी खंगाले गए तो मामला कुछ और ही निकला. पूरे मामले में पुलिस के द्वारा फिलहाल गुमशुदी को हत्या में तब्दील करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. उसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है.पुलिसकर्मी का शव नाले के पास मिलादरअसल 38 बटालियन पीएसी में तैनात आरक्षी अमित कुमार का शव 26 फरवरी 2025 को अलीगढ़ के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के नगला कलार इलाके में एक नाले से बरामद हुआ है. पुलिस ने पूरे मामले में हत्या की आशंका जताई है और दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है. बताया गया है कि अमित कुमार, निवासी जसनवाली खुर्द, जिला बुलंदशहर, तीन दिन की छुट्टी लेकर आगरा से अपने घर आ रहा था. लेकिन रास्ते में वह अलीगढ़ में उतर गया, जहां उसने दो युवकों के साथ शराब पी. इसके बाद से ही वह 18 फरवरी की रात से लापता था. परिजनों ने 19 फरवरी को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और 24 फरवरी को एफआईआर कराई गई.स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिले, जिसमें अमित कुमार आकाश नाम के युवक के साथ नजर आ रहा था. फुटेज में दिखा कि आकाश उसका बैग लेकर जा रहा है और अमित को एक अन्य स्थान पर लेटा दिया गया. इसके बाद अमित दोबारा नहीं दिखा. 26 फरवरी को स्थानीय लोगों ने नाले के पास कुछ दस्तावेज और कपड़े देखे और गांव के प्रधान को सूचना दी. प्रधान ने जब अमित के परिजनों को खबर दी, तो वे मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की. बाद में नाले में मुंह के बल दबा हुआ शव मिला, जिसकी पहचान अमित कुमार के रूप में हुई. क्षेत्राधिकारी ने क्या बोला? क्षेत्राधिकारी बन्ना देवी राजीव कुमार द्विवेदी ने बताया कि अमित कुमार की गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले से दर्ज थी, जिसे अब हत्या के मामले में बदल दिया गया है. पुलिस ने मामले में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके पास से अमित का बैग और अन्य सामान बरामद हुआ है. दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है. अमित कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है.

## ढाई माह से नहीं बन रहे वारिसान प्रमाण पत्र, 50 हजार आवेदन लंबित, जनता परेशान

अलीगढ़ जिले में वारिसान प्रमाण पत्र के 50 हजार से ज्यादा आवेदन पिछले ढाई महीने से लंबित हैं। इससे जिले की पांचों तहसीलों में काम प्रभावित हो रहा है। हजारों लोगों के बिजली कनेक्शन, गृहकर ट्रांसफर, गैस कनेक्शन, शस्त्र, बैंक खाते के स्थानांतरण आदि का काम रुका हुआ है। दो दिन पहले कलेक्ट्रेट और तहसील के अधिवक्ताओं ने एसडीएम से मिलकर मामले का वैकल्पिक हल निकालने की मांग की। इसके बाद प्रशासन ने इसकी वैकल्पिक व्यवस्था का भरोसा दिया है।मामला मेरे संज्ञान में है। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था यह की है कि आवेदकों को पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र जैसी व्यवस्था कर दी जाएगी जो वारिसान का विकल्प होगी। उससे उनकी दस्तावेजी औपचारिकता पूरी हो सकेंगी। अलीगढ़ निवासी याची करन कुमार के पिता अशोक कुमार हरदुआगंज थर्मल पावर स्टेशन में कार्यरत थे। पिता की मृत्यु के बाद सेवानिवृत्ति लाभ की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। जबकि, उसकी एक सौतेली मां भी है। कोर्ट के सामने डीएम की ओर से जारी किया उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया। इस पर कहा कि डीएम को उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी करने का अधिकार नहीं। 4 दिसंबर 2024 को याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने रजिस्ट्रार अनुपालन को निर्देश दिया कि आदेश की कॉपी अलीगढ़ के डीएम को प्रेषित की जाए। 24 दिसंबर 2024 को जिला प्रशासन ने प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करने के आदेश जारी किए। पिता बलवीर सिंह का निधन हो गया है। वारिसान प्रमाण पत्र बनवाने जनसेवा केंद्र गए तो पता चला कि तहसील से जारी नहीं हो रहे। जिला स्तर से रोक है। पिता इशरत जहां की मौत के बाद वारिसान के लिए भटक रहा हूं। बैंक खाते सहित गृहकर का ट्रांसफर होना है।

## डीपीआरओ ने की कार्रवाई,अनियमितताओं में ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

हाथरस के ब्लॉक हसायन में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी ईश्वरचंद्र को विभिन्न अनियमितताओं के चलते जिला पंचायतराज अधिकारी ने निलंबित कर दिया हे। उन्हें एडीओ पंचायत मुरसान के कार्यालय से संबद्ध किया गया। उन पर लगे आरोपों की जांच के लिए सहायक विकास अधिकारी सासनी को जांच अधिकारी नामित किया गया है। डीपीआरओ ने पत्र के माध्यम से कहा है कि ग्राम पंचायत अधिकारी ने हसायन से स्थानांतरण होने के बावजूद ग्राम पंचायतों का चार्ज हस्तांतरित नहीं किया है। तैनाती वाली ग्राम पंचायतों में सर्वे का कार्य नहीं किया है। निराश्रित गोवंश को गो आश्रय स्थल तक नहीं पहुंचाया है। शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही बरती जा रही है और स्पष्टीकरण का समय से जवाब नहीं दिया जा रहा। डीपीआरओ ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्राम पंचायत शंकरपुर का चार्ज संबंधित पंचायत सचिव को उपलब्ध नहीं कराया है और ग्राम पंचायत के अभिलेखों को नियम विरुद्ध तरीके से अपने कब्जे में रखा हुआ है। उन्होंने ग्राम पंचायत बसई बावस व नगरिया पट्टी देवरी की खराब वित्तीय प्रगति के संबंध में जारी नोटिस का स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत नहीं किया है।

## हाथरस के चंदपा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया

हाथरस के चंदपा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस उच्च अधिकारियों को शिकायत दी है। घटना 29 जनवरी की है। पीड़िता मथुरा में अपने पैतृक गांव जा रही थी। आरोप है कि तालाब चौराहे पर आरोपी युवक अपने जीजा के साथ मिला। वह उसे छोड़ने का बहाना बनाकर इगलास रोड स्थित एक रेस्टोरेंट ले गया।युवती का आरोप है कि वहां आरोपी ने शादी का वादा करके तीन बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने 18 फरवरी को कोर्ट मैरिज करने की बात कही। जब पीड़िता हाथरस शहर पहुंची तो युवक वहां नहीं आया। इसी दौरान पीड़िता को पता चला कि युवक ने शादी कर ली है और उसकी शादी की दावत चल रही है।न्याय की लगाई गुहारजब पीड़िता युवक के घर पहुंची तो उसके परिवार वालों ने उसके साथ मारपीट की। उसका मोबाइल फोन छीन लिया और सबूत मिटाने के लिए रिसेट कर दिया। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है।

## खाटू श्याम की निकाली गई निशान यात्रा

इगलास गांव साथिनी स्थित खाटू श्याम मंदिर पर फाल्गुन माह की एकादशी पर मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा खाटू श्याम मंदिर से शुरू होकर गांव की परिक्रमा करते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा में श्याम बाबा निशान व झांकी आकर्षण का केंद्र रही। परिक्रमा में भक्त बाबा के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। मेले का उद्घाटन खैर नगर नगर पालिका के अध्यक्ष संजय शर्मा, जिपं सदस्य अमित ठेनुआ व कृष्ण कुमार हिंडोल ने फीता काटकर किया। लोगों ने मेले का जमकर आनंद उठाया। मंदिर सेवक श्याम सुंदर सोनी ने अतिथियों का चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। व्यवस्था में रोटी बैंक के अध्यक्ष शिवकुमार सोनी, नीरज हिंडोल, पवन सोनी, रवि सोनी, सुधीर कौशिक, अमन अग्रवाल, मोनू शर्मा आदि का सहयोग रहा।

पीड़ित ध्यान दें
8218049162
nayaksamrataligarh@gmail.com
news24aligarh@gmail.com

# कासगंजः अवैध नर्सिंग होम में लापरवाही से नवजात की मौत, महिला रेफर

कासगंज रू अमांपुर में अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम में चिकित्सकों की बड़ी ला. परवाही सामने आई है। प्रसूता के पेट पर बैठकर महिला नर्सों द्वारा फंडल प्रेशर देना महंगा पड़ गया। प्रेशर देने से बच्चे की मौत हो गई, जबकि महिला को अधिक रक्तस्राव हो गया। गंभीर हालत में महिला को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। परिजनों की शिकायत पर पहुंचे सीएचसी अधीक्षक और तहसीलदार की टीम ने नर्सिंग होम को सीज कर दिया है।ग्राम कुचलपुर निवासी धर्मेंद्र की 30 वर्षीय पत्नी पूजा गर्भवती थी। बुधवार की सुबह प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे अमांपुर सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां आशा बहू ने पूजा को सीएचसी से निकालकर विनीता नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया। पूजा ने रात नौ बजे बेटे को जन्म दिया, लेकिन जन्म के तुरंत बाद ही बच्चे की मौत हो गई। प्रसूता की हालत बिगड़ गई और अधिक रक्तस्राव होने लगा। नर्सिंग होम में मौजूद स्टाफ के हाथ–पांव फूल गए और वे महिला को छोड़कर फरार हो गए।परिजनों ने किसी तरह प्रसूता को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां महिला



चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसकी अत्यधिक गंभीर हालत को देखते हुए अलीगढ़ रेफर कर दिया। धर्मेंद्र की मां कृष्णा देवी का आरोप है कि स्टाफ नर्सों ने पूजा के पेट पर बैठकर फंडल प्रेशर देकर जबरदस्ती बच्चे को बाहर निकाला, जिससे बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद पूजा की हालत और बिगड़ गई और अधिक रक्तस्राव होने लगा। उन्होंने डॉक्टरों और नर्सों पर लापरवाही का आरोप लगाया है, जिससे उनके बच्चे की जान चली गई। महिला की भी हालत खराब बनी हुई है। इस घटना को लेकर परिजनों ने नर्सिंग होम में जमकर हंगामा किया। सूचना पर अमांपुर के सीएचसी अधीक्षक संदीप रा. जपूत और सहावर तहसीलदार संदीप चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जब उन्होंने नर्सिंग होम के अभिलेखों की जांच की, तो पाया कि नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा था। इसके बाद नर्सिंग होम को सीज कर दिया गया। उधर, अलीगढ़ में भी महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।डॉ. राजीव अग्रवाल, सीएमओ ने कहा कि विनीता नर्सिंग होम, अमांपुर में प्रसव के दौरान बच्चे की मौत हो गई और प्रसूता की हालत खराब हो गई थी। परिजनों ने नर्सिंग होम पहुंचकर हंगामा किया। परिजनों द्वारा सूचना मिलने के बाद सीएचसी अधीक्षक संदीप राजपूत को भेजकर नर्सिंग होम को सीज करा दिया गया। यह नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा था।

## एटा जिले के मिरहची थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ

एटा जिले के मिरहची थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ। दतेई गांव के काली माता मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे 55 वर्षीय राकेश सिंह को टक्कर मार दी।राकेश सिंह अपने घर से खेतों की तरफ जा रहे थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर राहगीरों ने मिरहची थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को एटा स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक के भतीजे ने बताया कि उनके चाचा काली माता मंदिर के समीप से गुजर रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। थाना प्रभारी मिरहची नीता माहेश्वरी ने बताया कि घटना देर रात की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## बार एसोसिएशन चुनाव में 349 वकीलों ने किया मतदान

### कासगंज में अध्यक्ष के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में, 28 को आएंगे नतीजे

कासगंज जिला न्यायालय में आज बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में कुल 349 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान शाम 4 बजे तक चला।अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इनमें कर्मवीर सिंह सोलंकी, गिरजा शंकर दुवे, प्रदीप कुमार, मोरद्वाज वर्मा और श्यामेन्द्र मिश्रा शामिल हैं। महासचिव पद के लिए महिपाल सिंह, रजेश कुमार और हेमसिंह ने नामांकन किया है।कोषाध्यक्ष पद के लिए अभिषेक कुमार गुप्ता और गौरव रायजदा चुनाव लड़ रहे हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अनुराग, मोहम्मद रफी शेर और शेर सिंह मैदान में हैं। संगठन के उपाध्यक्ष पद पर अमित उपाध्याय, प्रदीप कनोजिया, चंद्रपाल सिंह और अबू सालम रहमानी ने नामांकन किया है।चुनाव के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। न्यायालय परिसर में पुलिस बल तैनात रहा। चुनाव परिणाम कल शुक्रवार को घोषित किए जाएंगे।

## 51 करोड़ से बनेगा मरथरा–मिरहची–मोहनपुरा मार्ग

एटा। मारहरा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रदेश सरकार ने तोहफा दिया है। लंबे समय से चल रही लोगों की मांग पर मरथरा–मिरहची–मोहनपुरा मार्ग के चौड़ीकरा को मंजूर किया गया है। यह कार्य 51.19 करोड़ से किया जाएगा। जबकि एटा–कासगंज मार्ग पर जिले की सीमा में 20 किलोमीटर का नवीनीकरण कराने के लिए 19.16 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। मरथरा से मिरहची होते हुए कासगंज जनपद के मोहपुरा तक जाने वाला मार्ग इस क्षेत्र में दोनों जिले के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। मोहनपुरा में बड़ी मटर मंडी है। मिरहची–मारहरा क्षेत्र में बड़े स्तर पर मटर की खेती की जाती है। उपज बेचने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान वहां की मंडी में जाते हैं। रास्ता खराब और सकरा होने की वजह से आवागमन आसान नहीं होता। वाहन अधिक होने पर अक्सर जाम की समस्या हो जाती है तो हादसों का भी खतरा रहता है। लोक निर्माण विभाग ने इसका प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजा। इसे मंजूर कर लिया गया है। 24.55 किमी लंबे इस मार्ग के नवीनीकरण के साथ ही चौड़ीकरण भी किया जाएगा। वर्तमान में मार्ग की चौड़ाई 3.75 मीटर है। इसे 7 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। इस कार्य पर 51.19 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका 17.91 करोड़ रुपया विभाग को जारी भी कर दिया गया है। वहीं, एटा–कासगंज फोरलेन की स्थिति भी कई जगह खराब हो गई है। कई जगह से डामर की परत उखड़ने की वजह से आवागमन प्रभावित होता है और हादसों का भी खतरा बना रहता है। इसका प्रस्ताव भी भेजा गया था। जिसे मंजूर किया गया है। शहर से 20 किमी तक जनपद की सीमा में आने वाली सड़क की मरम्मत एवं नवीनीकरण किया जाएगा। इसके लिए 19. 16 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## कासगंज : ट्रक ने दंपती को मारी टक्कर, महिला की मौत, पति घायल

कासगंज रू सोरोंजी–तुमरिया मार्ग पर बाइक सवार दंपती को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई। पति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।सोरोंजी क्षेत्र के ग्राम गड़रपुर निवासी अशोक कुमार (32) अपनी पत्नी चंद्रावती (28) के साथ बुधवार देर शाम सोरोंजी से अपने गांव बाइक पर जा रहे थे। जब वे तुमरिया चकोरी प्लांट के समीप पहुंचे, तो उनकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे दंपती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीर एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने चंद्रावती को मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।पति अशोक की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। नगरिया चौकी प्रभारी रवि वर्मा ने बताया कि ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। ट्रक की तलाश की जा रही है।ट्रक चालक से हुई थी कहासुनी, बनाया वीडियो कासगंजरू परिजनों का कहना है कि अशोक कुमार की ट्रक चालक से कहासुनी हुई थी। अशोक ने उसका वीडियो भी बनाया था। इसके बाद ही ट्रक चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी चंद्रावती की मौत हो गई।

## कासगंजः आधार कार्ड अपडेट के लिए उमड़ी भीड़, कई लोगों को बैरंग लौटना पड़ा

अमांपुर रू अमांपुर कस्बे के उप डाकघर में आधार कार्ड अपडेट कराने के सरकारी निर्देश के बाद बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। गुरुवार को उप डाकघर में आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गर्मी में महिलाएं और बच्चे कतार में खड़े रहे, लेकिन आधार अपडेट नहीं होने के कारण कई लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। परिसर के भीतर से लेकर बाहर सड़क तक लंबी कतारें लग गईं।उप डाकघर में हर दिन भीड़ का दबाव देखने को मिल रहा है। सैकड़ों महिलाएं, पुरुष और बच्चे आधार कार्ड बनवाने के लिए परेशान हैं। आए दिन मारामारी जैसे हालात बन रहे हैं। भीड़ का दबाव अधिक होने के कारण कर्मचारियों को भी भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के उप डाकघर में आधार कार्ड बनवाने, संशोधन और बायोमेट्रिक अपडेट कराने वालों की भीड़ हर दिन देखी जा रही है। बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी परेशान हैं।लोग बार–बार डाकघर के चक्कर काट रहे हैं। सुबह 7 बजे से ही लोग डाकघर केंद्र पर इकट्ठा होने लगते हैं, जिससे भीड़ के चलते काफी अव्यवस्था बनी हुई है। पहले कस्बे में चार आधार कार्ड केंद्र संचालित थे, लेकिन अब इनमें से तीन केंद्र बंद हो चुके हैं। वर्तमान में केवल एक ही केंद्र उप डाकघर में संचालित हो रहा है। इसी कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामवासियों रा. जकुमार, ओमप्रकाश, कैलाश और अनार सिंह ने बताया कि वे कई दिनों से आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने के लिए डाकघर के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उनका काम नहीं हो सका है।अमांपुर कस्बे के बीआरसी, ब्लॉक परिसर, भारतीय स्टेट बैंक में आधार कार्ड केंद्र सेन्टर स्थापित है। यह आधार केंद्र बंद पड़े हुए हैं। चार में से तीन आधार केंद्र बंद होने से महज एक केंद्र के भरोसे आधार कार्ड बनवाने और संशोधन करवाने का काम हो रहा है। इसलिए यहां सुबह से ही भीड़ जुट जाती है।इसलिए समस्या बनी हुई है

## कासगंजः केमिस्ट्री का आसान पेपर देखकर खिले छात्रों को चेहरे



कासगंज । सीबीएसई बोर्ड की केमिस्ट्री की परीक्षा जनपद के तीन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। जिसमें 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न–पत्र सरल आने से अच्छे अंक आने की उम्मीद है जनपद के सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, जेपी पब्लिक एकेडमी एवं एनआर पब्लिक स्कूल में केमिस्ट्री के प्रश्न पत्र में 606 परीक्षार्थियों में से 583 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जेपी पब्लिक एकेडमी में 1, एन पब्लिक स्कूल में 4 एवं सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सुबह से ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। जहां उनका शिक्षकों ने स्वागत किया। वहीं उनकी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। परीक्षा समाप्त होने पर परीक्षार्थियों ने खुशी का इजहार किया। छात्रदृछात्राओं उत्कर्ष, उज्जवल, आदित्य, अनुज, खुशी, गीतांजलि और करिश्मा ने बताया प्रश्न–पत्र काफी सरल रहा है। परीक्षा में समीकरण, आईयूपीएसी, बैलेंसिंग इक्वेशन, काफी ज्यादा ही सरल रहे। प्रश्न पत्र को दिए गए समय में आसानी से हल किया जा सका।

## शादी में डीजे पर चले लाठी–डंडे...पहले बरातियों को जमकर पीटा, मच गई चीख–पुकारय फिर निभाई शादी की रस्में



एटा के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव पवांस में डीजे पर डांस करने के चक्कर में घराती–बराती भिड़ गए। विवाद बढ़ा तो घरातियों ने पांच बरातियों को लाठी–डंडों व पाइप से पीटकर घायल कर दिया। जान पर खतरा देख बरातियों ने 112 पर कॉल पुलिस को बुलाया। घायलों का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। मामला शांत होने के बाद शादी की रस्में निभाई गईं।गांव कूल्हापुर थाना व जिला हा. थरस निवासी सुनील कुमार ने बताया कि बुधवार को एक बरात में आए थे। गांव पवांस में बरात चढ़ने के बाद साथ में आए कुछ युवा पंडाल में लगे डीजे पर डांस करने लगे। इसी बीच गांव के ही कुछ लोग आकर साथ नाचते हुए गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने लाठी–डंडे व पाइप से बरातियों को पीटना शुरू कर दिया।सुनील ने बताया कि इस पिटाई में उसके साथ ही गांव के कुलदीप, पंकज, अजय और विपिन गंभीर रूप से घायल हो गए। बरात के अन्य लोगों व ग्रामीणों ने बमुश्किल झगड़ा बंद कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंचाया। यहां उपचार चल रहा है। मामला शांत होने के बाद शादी की रस्में कराई गईं। सीओ सिटी अमित कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच–पड़ताल की जाएगी। जो भी तथ्य निकलकर सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## मृतक शिक्षक की पत्नी होने का दावा कर दो सगी बहनों ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

एटा के मृतक शिक्षक की पत्नी होने का दावा कर दो सगी बहनों ने फंड, बोनस, पेंशन व अन्य लाभों के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दोनों ने अलग–अलग याचिकाएं दाखिल की हैं। न्यायालय ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से दो सप्ताह में शिक्षक की सर्विस बुक तलब करते हुए छह मार्च को सुनवाई के लिए तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की पीठ ने याची स्नेहलता व गौरी की याचिका पर दिया हएटा निवासी चंद्रदेव शर्मा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। सेवा के दौरान एक मई 2021 को उनकी मृत्यु हो गई। इस दौरान दो सगी बहनों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर शिक्षक की पत्नी होने का दावा करते हुए मृतक आश्रित के लाभ देने के लिए गुहार लगाई याची गौरी के वकील ने दलील दी कि मृतक कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में गौरी देवी का नाम अंकित है। वहीं, स्नेहलता के अधिवक्ता पुनीत कुमार शुक्ला ने दलील दी कि स्नेहलता शर्मा कानूनी रूप से विवाहित पत्नी हैं। इसलिए वही चंद्र देव शर्मा की मृत्यु के बाद अर्जित लाभों की हकदार हैं। मृतक की सर्विस रिकॉर्ड में हेरफेर किया गया है। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद बीएसए एटा से कर्मचारी की संपूर्ण सेवा पुस्तिका दो सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# चौत्र नवरात्रि कब शुरू होगी, जानें 9 दिनों की पूजा का पूरा कैलेंडर और मुहूर्त

हिंदू धर्म से जुड़े प्रमुख त्योहारों में नवरात्रि भी एक है जोकि साल में चार बार मनाई जाती है. चौत्र महीने में पड़ने वाली नवरात्रि को चौत्र नवरात्रि के नाम से जाना जाता है, जिसकी शुरुआत चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है.9 दिनों तक चलने वाले नवरात्रि के त्योहार में मां दुर्गा के नौ अलग–अलग स्वरूपों की पूजा का महत्व है. पहले दिन कलश स्थापना या घट स्थापना की जाती है, अखंड दीप जलाए जाते हैं, कन्या पूजन किए जाते हैं, नवरात्रि के आखिरी दिन रामनवमी का त्योहार भी मनाया जाता है. इस तरह नवरात्रि में पूरे नौ दिनों में प्रतिदिन भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल रहता है. आइए जानते हैं इस साल चौत्र नवरात्रि की शुरुआत कब से हो रही है, कलश स्थापना किस दिन किया जाएगा और नवरात्रि के नौ दिनों में किस दिन किस देवी की पूजा होगी.चौत्र नवरात्रि की शुरुआत कब होगी (बिंपजतं छंअतंजतप 2025 कंजम)पंचांग के अनुसार चौत्र नवरात्रि की शुरुआत चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है. साल 2025 में चौत्र नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से हो रही है. प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 29 मार्च को शाम 04रू27 पर होगी, जिसका समापन 30 मार्च दोपहर 12रू49 पर होगा. उदयातिथि के मुताबिक 30 को ही चौत्र नवरात्रि के पहले दिन पूजा और कलश स्थापना की जाएगी. वहीं 7 अप्रैल को चौत्र नवरात्रि का समापन हो जाएगा और इसी दिन रामनवमी (तंउ छंअंउप 2025) भी मनाई जाएगी

## लड़कियां लगा रही हैं गलत तरीके से कंडीशनर, डॉक्टर अफसेनाह ने बताया कैसे करें बालों की कंडीशनिंग

कई महिलाएं होंगी जो शैम्पू के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल करती होंगी, लेकिन फिर भी उनके बाल सूखने के बाद उड़े–उड़े नजर आते हैं। इसका कारण ये नहीं कि गलत कंडीशनर का इस्तेमाल कर रहे हैं बल्कि आपका उसे इस्तेमाल करने का तरीका गलत है।जी हां, बालों पर कंडीशनर लगाने का भी एक सही तरीका होता है, जिसे अगर फॉलो न किया जाए तो कंडिशनर लगाना और न लगाना एक समान ही हो जाता है। इस विषय पर बा. लों की डॉक्टर यानी कि ट्राइकोलॉजिस्ट डॉक्टर अफसेनाह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है और सही तरीका बताया है। आइए डॉक्टर से ही जानते हैं हेयर कंडीशनिंग का सही तरीक. ा।जब बात कंडिशनर लगाने की आती है तो महिलाएं उसे भी शैम्पू की तरह जड़ों पर लगाना शुरू कर देती हैं। बल्कि आपको निचोड़ने के बाद बालों की लेंथ पर कंडीशनर लगाना चाहिए। इससे बालों में फ्रीजीनेस नहीं आती है और वो अच्छे से बालों पर अब्सॉर्ब हो जाता है।जब आप बालों को कंडीशनर करते हैं तो एक तरह की प्रोटेक्शन लेयर को बनाते हैं, जो धूल, मिट्टी, गंदगी और सनडैमेज से हमारे बालों को बचाने का काम करती है। साथ ही स्पलिट एंड्स और ड्राईनेस को दूर करने में मदद करता है।इसलिए नेक्स्ट टाइम जब आप हेयर वॉश करें तो कंडिशनर का इस्तेमाल उसी तरह करें जैसे डॉक्टर ने बताया है। इससे आपके बाल धोने के बाद बहुत ही खूबसूरत नजर आएंगे।

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद

## कच्चा दूध पीने से क्या वाकई चेहरे पर आता है निखार? ये है सच

कच्चे दूध में बड़ी ताकत होती है. पुराने जमाने से ही इसका इस्तेमाल चेहरे की सुंदरता बढ़ाने में किया जाता था. लेकिन अब बाजार में कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स आ गए हैं, जो खूबसूरती बढाने का दावा करते हैं. महिलाएं इनमें से कई तरीकों को आजमाती है. ये चीजें महंगी तो होती ही हैं, कई बार नुकसानदायक भी हो सकती है. इनसे बचने के लिए घरेलू उपाय का इस्तेमाल किया जा सकता है. ऐसे में कच्चे दूध की अहमियत बढ़ जाती है लेकिन सवाल ुठता है कि क्या सचमुच कच्चा दूध पीने से चेहरे पर निखार आता है. आइए जानते हैं इसका जवाब..कच्चे दूध में लैक्टोज, प्रोटीन, वसा, कैल्शियम और विटामिन ।, ठ12, क और जिंक होता है. सोते समय इसे लगाने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है. इससे दूध में पाए जाने वाले पोषक तत्व स्किन में एब्जॉर्ब होकर उसे मॉइश्चराइज करते हैंकच्चा दूध चेहरे के लिए कितना फायदेमंद कच्चे दूध में नमक मिलाकर स्क्रब के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे ब्लै. कहेड्स की प्रॉब्लम्स से छुटकारा मिलता है. कच्चे दूध में ओमेगा 3 फैटी एसिड्स और सैचुरेटेड फैट पाया जाता है, जिसे चेहरे पर लगाने से बढ़ती उम्र का असर नजर नहीं आता और चेहरा जवां बना रहता है. कच्चे दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे ताकतवर पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे की नमी बनाए रखने में मदद करते हैं. इसे रोजाना चेहरे पर लगा सकते हैं.आंखों में जलन होने पर कच्चे दूध में कॉटन को भिगोकर कुछ देर आंखों पर रख लें. इससे जलन दूर होगी. कच्चे दूध को फटे होंठों पर लगाने से फायदा मिलता है. टोनर के तौर पर कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए एक कॉटन पैड में कच्चा दूध लेकर चेहरे पर अप्लाई करें.क्लिंजर के तौर पर भी कच्चा दूध उपयोग कर सकते हैं. इसके लिए इसे चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें.क्या कच्चा दूध पीने से चेहरे पर निखार आता है हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि कच्चा दूध पीने से त्वचा की सेहत में सुधार हो सकता है, लेकिन इसका सीधा संबंध चेहरे पर निखार आने से नहीं है. त्वचा की सेहत में सुधार करने के लिए हेल्दी डाइट और रेगुलर एक्सरसाइज करना जरूरी है. हालांकि, कच्चा दूध पीने से स्किन की चमक बढ़ सकती है, स्किन प्रॉब्लम्स जैसे–मुंहासे, दाग–धब्बे कम हो सकते हैं और स्किन खिली–खिली रहती है.

## प्रेग्नेंसी से जुड़ी हर समस्या का मिल गया है ये इलाज, इस नए ब्लड टेस्ट से पता चलेगा क्या है परेशानी



ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों की एक टीम ने एक नया ब्लड टेस्ट विकसित किया है, जो प्रेगनेंसी के शुरुआती स्टेज में ही संभावित स्वास्थ्य समस्याओं का पता लगाने में सक्षम है. सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, क्वींसलैंड विश्वविद्यालय (यूक्यू) के शोधकर्ताओं ने गुरुवार को प्रकाशित अपने रिसर्च में बताया कि उनका ष्नैनोफ्लावर सेंसरष न्यूबोर्न बेबी के अस्पताल में भर्ती होने की संभावना को कम कर सकता है.किस काम आता है ये टेस्टयह टेस्ट प्रेग्नेंट महिला के ब्लड में बायोमार्कर्स की जांच करता है. यह प्रेगनेंसी में डायबिटीज, समय से पहले जन्म का खतरा और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं का पता 11 सप्ताह की प्रेग्नेंसी में ही लगा सकता है. यूक्यू के क्लिनिकल रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिक कार्लोस सालोमोन गैल्लो ने बताया कि उनकी टीम ने इस सेंसर को 201 प्रेग्नेंट महिलाओं के ब्लड सैंपल पर आजमाया और उनमें संभावित समस्याओं का सफलतापूर्वक पता लगाया.गैल्लो ने कहा, ष्अभी ज्यादातर प्रेगनेंसी संबंधी समस्याओं का पता दूसरी या तीसरी तिमाही में चलता है, जिससे समय पर इलाज कर पाना मुश्किल हो जाता है. लेकिन इस नई तकनीक की मदद से प्रेग्नेंट महिलाएं पहले ही डॉक्टर से सलाह ले सकती हैं. हमने पाया कि हमारा बायोसेंसर 90 प्रतिशत से ज्यादा सटीकता के साथ समस्याओं की पहचान कर सकता है.ष्इन समस्याओं में भी मिल सकती है मददउन्होंने यह भी बताया कि यह तकनीक एनआईसीयू में भर्ती होने वाले बच्चों की संख्या कम कर सकती है और आपातकालीन सिजेरियन जैसी प्रेगनेंसी से जुड़ी समस्याओं को रोकने में मदद कर सकती है. इससे स्वास्थ्य व्यवस्था को हर साल करोड़ों डॉलर की बचत हो सकती है.इस शोध में शामिल ऑस्ट्रेलियन इंस्टीट्यूट फॉर बायोइंजीनियरिंग एंड नैनो टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिक मुस्तफा कमाल मसूद ने बताया कि यह तकनीक नैनोसेंसर का यूज करके ऐसे संकेतकों की पहचान करती है, जो मौजूदा टेस्ट में पकड़ में नहीं आत




## टीवी या फोन दिखाकर बच्चे को खाना खिलाते हैं आप? जान लीजिए ये कितना खतरनाक

भागदौड़ भरी जिंदगी और काम में बिजी रहने के बीच आजकल पैरेंट्स के पास इतना समय नहीं है कि वो बच्चों को बहला–फुसलाकर घंटों खाना खिलाने में समय दे पाएं. ऐसे में पैरेंट्स समय बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की मदद लेते हैं. बच्चे मोबाइल या फोन देखते हुए फटाफट खाना खा लेते हैं. यह उनके मन बहलाने की जरूरत बन जाता है.माता–पिता भी इस बात से बेफिक्र हो जाते हैं कि चलो फोन या टीवी देखते ही सही, बच्चा बिना रखने किए खाना तो खा ले रहा है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका यह शॉर्टकट बच्चे की सेहत के लिए कितना खतरनाक हो सकता है. टीवी–मोबाइल देखते हुए बच्चों का खाना खिलाना कितना खतनराकइनवायरमेंटल जर्नल ऑफ हेल्थ नाम की मैगजीन में बच्चों की खाने की हैबिट पर एक रिसर्च आई. दुनिया की कई बड़ी यूनिवर्सिटीज के साथ मिलकर इस रिसर्च को किया गया. इसमें पाया गया कि टीवी या मोबाइल देखते हुए जो बच्चे खाना खाते हैं, वो आगे चलकर भी खाने को लेकर नखरे करते रहते हैं. इन बच्चों में छोटी–छोटी बात पर गुस्सा करते भी देखा गया है. टीवी–मोबाइल देखते हुए खाने वाले 10 साल तक के बच्चों में मोटापे का खतरा भी कई गुना तक बढ़ जाता है और वे ओबेसिटी का शिकार हो जाते हैं, जो कई बीमारियों को जन्म दे सकता हैं.भ्ब् भी दे चुका है चेतावनीवर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (भ्ब्) ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी कर बच्चों को स्क्रीन से दूर रखने की चेतावनी दी. इस रिपोर्ट में 5 साल से कम उम्र के बच्चों का स्क्रीन टाइम निर्धारित किया गया है. इन बच्चों का ज्यादा स्क्रीन टाइम शारीरिक और मानसिक सेहत को सीधे तौर पर प्रभावित करता है. इस रिपोर्ट में भ्ब् ने बच्चों को मोबाइल, टीवी या अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से दूर रहने की हिदायत दी है.खाना खाते समय टीवी देखने के नुकसान खाते समय टीवी देखने से मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है, जिससे शरीर में फैट जमा होने लगता है.टीवी देखते हुए खाना खाने से सारा फोकस टीवी या फोन पर होता है, इस वजह से बच्चे ओवरईटिंग करते हैं.ज्यादातर बच्चे जब टीवी–फोन देखते हैं तो उस समय जंक फूड ही खाना पसंद करते है.टीवी–मोबाइल देखते समय डिनर या लंच करने से बच्चे काफी जल्दी से मोटापे के शिकार हो जाते हैं. टीवी या फोन दिखाकर बच्चे को खाना खिलाने से उनके पोषण की कमी हो सकती है. वे जरूरी पोषक तत्व पा नहीं सकते हैं.टीवी या फोन दिखाकर बच्चे को खाना खिलाने से उनमें तनाव और चिंता बढ़ सकती है. खाने के समय वे तनावग्रस्त हो सकते हैं.टीवी या फोन देखकर खाना खाने वाले बच्चे समाजिक तौर पर कमजोर हो सकते हैं. उनमें स्किल्स में कमी आ सकती है. टीवी–मोबाइल देखते हुए बच्चे बिना बोले खाना खाते हैं, जो उनके बोलने की क्षमता यानी कम्युनिकेशन प्रभावित करता है. आंखों से पानी आने, रोशनी कम होने या ड्राईनेस की समस्या मोबाइल देखने के चक्कर में बच्चों को खाने की पहचान नहीं हो पाती, जो भी सामने आया उसके बारे में बिना जाने ही खा लेते हैं.मोबाइल–टीवी में खोने की वजह से चीजों को याद नहीं रख पाते हैं.मोबाइल–टीवी में वीडियो देखने और सुनने कम एक्सप्रेसिव हो जाते हैं. इससे उन्हें फोन–टीवी की लत लग सकती है. बच्चे चिढ़चिढ़े, जिद्दी और गुस्सैल हो जाते हैं.

## फैट कम कर सकती हैं किचन में रखी 3 चीजें, पानी में मिलाकर लेने से घट सकता है वजन



फैट लॉस करना भी एक टास्क की तरह ही है, जितना अधिक वजन होता जाता है, उसे घटाने में उतनी ही मेहनत लगती है और आज के समय में दुनियाभर में अधिक संख्या में लोग या तो मोटापा और ओवरवेट के शिकार हो रहे हैं या फिर शिकार हो चुके हैं। ऐसे में हेल्थ एक्सपर्ट की भी लगातार कोशिश रह रही है कि वो लोगों को वेट लॉस करने के लिए प्रेरित कर सकें।दुनियाभर के वैज्ञानिक तमाम रिसर्च के जरिए ये बता चुके हैं कि मोटापा शरीर के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (भ्ब्) के मुताबिक, अगर आप अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं तो इससे स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। अतिरिक्त फैट से हार्ट डिजीज, टाइप 2 डायबिटीज, ऑस्टियोआर्थराइटिस, कुछ तरह के कैंसर (एंडोमेट्रियल, ब्रेस्ट और कोलन) जैसे गंभीर स्वास्थ्य परिणाम होते हैं और ये स्थितियां समय से पहले मृत्यु और पर्याप्त विकलांगता का कारण बनती हैं ऐसे में ये जरूरी हो जाता है कि आप अपने वेट को मेंटेन करके रखें और अगर ओवरवेट या मोटापे से ग्रस्त हो चुके हैं तो उसे कम करने की कोशिश में जुट जाएं। अगर आप होम रेमिडीज में यकीन रखते हैं तो आज हम आपको तीन ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके जरिए आप वजन को तेजी से घटा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कौन सी हैं वो तीन चीजें।आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसार सावलिया के मुताबिक, शहद के जरिए आप अपना वजन घटा सकते हैं। यह एक बेहतर फैट बर्नर होता है। इसका सेवन करने का सबसे बढ़िया तरीका है इसे 1 चम्मच एक गिलास पानी के साथ (मोटापे के लिए) मिलाकर इसका सेवन करें। उन्होंने बताया कि इसके लिए रूम टेम्प्रेचर पानी चुनें। साथ ही उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी जानकारी दी कि इसे कभी भी गर्म भोजन या पानी में नहीं मिलाना चाहिए और जब आप गर्म वातावरण में काम कर रहे हों तो भी शहद का सेवन नहीं करना चाहिए।